हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 14 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .4 डिग्री



12 विद्यार्थियों ने दिया साइबर अपराध भ्रष्टाचार पर जागरूकता का संदेश


12 गौत्र प्रकरण को लेकर एकतरफा कार्रवाई डीएसपी से मिले दूसरे पक्ष के लोग


## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। गत 8 मार्च को झज्जर रोड पर हुए हादसे में ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने कैथल के मिलकपुर निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। उसका ट्रक भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में मां-बेटा गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर महिला को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है। जिले के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के कारण पुलिस ने गत 11 जनवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के चारन निवासी अभिषेक को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी के आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने चोरी के मामलों में वांछित दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने बीते दिनों गुरुग्राम के नानूकलां निवासी सुमित को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद उसने कई वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की थी। पुलिस ने उसे 6 मामलों में पूछताछ के लिए प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। एक अन्य मामले में पुलिस ने यूपी के मंदोरा निवासी मोनिश को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। उसे भी चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### पोक्सो एक्ट के आरोपी मां-बेटा गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत 17 फरवरी को आरापियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने झज्जर के एक गांव निवासी हर्ष और उसकी मां कविता को गिरफ्तार किया है। मामला नाबालिग को शादी का झांसा देकर यौन शोषण से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### आशियाना वृद्धाश्रम में चिकित्सा जांच शिविर कल

**रेवाड़ी।** रविवार 15 मार्च को श्री राम शाखा भारत विकास परिषद और बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में झज्जर रोड स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्री राम शाखा के अध्यक्ष सीए जतिन सैनी ने बताया कि शिविर का आयोजन दीवान फोरव्हील्स सीएसआर गतिविधि के तहत करेगा। शिविर का समय प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक रहेगा। शिविर में निःशुल्क रक्त जांच और ओपीडी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। मरीजों की जांच के लिए जनरल फिजिशियन, हड्डीरोग विशेषज्ञ, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, बालरोग विशेषज्ञ, नेत्ररोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, आयुर्वेदाचार्य, फिजियोथेरेपिस्ट और रेडियोलॉजी स्कैनिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। शिविर में जरूरत के अनुसार दवाओं का भी निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

*शुक्रवार को सुबह के समय सर्वर ठीक चलने के बाद फिर से हुआ डाउन, लोग परेशान*

# एलपीजी स्टॉक पर्याप्त, फिर भी मारामारी पैनिक हो रहे लोग, तीन एजेंसियों पर हंगामा

**गैस एजेंसियों पर कतार में बढ़ने लगी महिलाओं की संख्या**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अमेरिका-इजराइल के साथ चल रहे ईरान युद्ध के कारण जिले में सिलेंडर रिफिल कराकर स्टॉक करने के लिए लोगों में होड़ मची हुई है। फूड एंड सप्लाई विभाग के अनुसार जिले में गैस सप्लाई पर्याप्त होने पर भी एजेंसियों पर पिछले एक सप्ताह से मारामारी चल रही है। जिले में हालांकि अभी जिले में घरेलू गैस की इतनी किल्लत नहीं है, लेकिन लोग भरवाकर जमा करने के चक्कर में सुबह से ही एजेंसियों पर पहुंच रहे है। गैस बुकिंग के लिए सर्वर से लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है। गैस एजेंसियों पर लगी कतार में अब महिलाओं की संख्या भी काफी बढ़ने लगी है। शुक्रवार को दो दिन बाद सुबह के समय सर्वर ठीक चलता रहा, लेकिन बाद में डाउन होने के कारण फिर से परेशानी हो गई, जिसके बाद पर्चिया नहीं कटने पर शहर की दो इंडियन एजेंसियों व बावल की भारत गैस एजेंसी पर लोग गुस्सा हो गए और हंगामा कर दिया। एजेंसियों पर मोबाइल पर ओटीपी आने वाले उपभोक्ताओं को ही सिलेंडर दिए जा रहे है। गैस की कमी की आशंका को देखते हुए अफवाहों के बाजार ने लोगों को परेशानी में डाल दिया है। पहले से बुकिंग कराने वाले होटल-ढाबों को कमर्शियन सिलेंडर दिए जा रहे है, क्योंकि कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई पीछे से बंद हो चुकी है।


रेवाड़ी। सेक्टर-4 इंडियन गैस एजेंसी पर लगी भीड़। फोटो : हरिभूमि

**रेहड़ियों- खोखों पर सिलेंडर पर्याप्त**

शहर में काफी छोटे होटल व ढाबा संचालकों ने स्थिति को देखते हुए कोयले की भट्ठी शुरू कर दी है, जबकि कई स्थानों पर खान-पान की रेहडियों, चाय के खोखों व फास्ट फूड की स्टॉलों पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग हो रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में अभी पर्याप्त गैस सप्लाई मिल रही है, जबकि एजेंसियों पर उपभोक्तओं की लंबी कतार देखी जा सकती है।

### दो एजेंसियों पर गुस्सा हुए लोग

रेवाड़ी में 22 गैस एजेंसियों पर करीब 2.50 लाख उपभोक्ता है। जिले में इंडियन ऑयल की 13 एजेंसियों पर 1.75 लाख और भारत की 9 एजेंसियों पर 75 हजार उपभोक्ता हैं। शुक्रवार को सुबह से ही गैस एजेंसियों पर लोगों की लंगी कतार लगी रही। सेक्टर-4 स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर लोगों ने बुक हुए सिलेंडर की पर्चियां नहीं मिलने के कारण कुछ देर हंगामा कर दिया। वहीं सेक्टर-5 स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर सर्वर डाउन की परेशानी रही, जिसके कारण उपभोक्ता भड़क गए। वहीं बावल स्थित भारत गैस एजेंसी पर भी पर्ची नहीं मिलने पर उपभोक्ताओं ने हंगामा कर दिया, जिसके बाद पुलिस बुलानी पड़ गई। गैस एजेंसियों पर बुकिंग के बाद डीएसी नंबर जरनेट होने वाले उपभोक्ताओं को ही सिलेंडर दिए जा रहे है। एजेंसी संचालकों का कहना है कि सप्लाई में अभी कोई समस्या नहीं है। डिलीवरी के लिए डीएसी नंबर जरूरी है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को सिलेंडर देने में समस्या आ रही है। गैस सिलेंडर बुक करने के बाद उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल फोन पर ओटीपी मिलेगा। ओटीपी डालने के बाद डीएसी कोड मिलेगा। इस कोड के आधार पर ही ग्राहक को गैस सिलेंडर मिल सकेगा तथा 25 दिन बाद ही दूसरा सिलेंडर बुक हो सकेगा।


रेवाड़ी। सेक्टर-5 इंडियन गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर पर बैठी महिला। फोटो : हरिभूमि

### एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति एवं पर्याप्त स्टॉक

वर्तमान परिस्थितियों के कारण एलपीजी आपूर्ति बाधित होने की अफवाहें पूरी तरह से निराधार और भ्रामक है। जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। गैस एजेंसियों की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है। केंद्र सरकार और तेल कंपनियों के माध्यम से गैस की आपूर्ति निरंतर जारी है। आम जनता को एलपीजी बुकिंग को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के पोर्टल पर अधिक ट्रैफिक होने के कारण बुकिंग में अस्थाई समस्या आ रही है। गैस एजेंसियों पर अनावश्यक रूप से न जाएं। अनावश्यक रूप से सिलेंडरों का भंडारण भी न करें। केवल जरूरत पड़ने पर ही सिलेंडर बुक करें ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। यदि कोई गैस एजेंसी संचालक कालाबाजारी या वितरण में अनियमित्ता बरतता पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
-नितिश कुमार सिंगला, डीएफएससी।


रेवाड़ी। सचिवालय के पास चाय के खोखे पर रखे दो सिलेंडर। फोटो : हरिभूमि

## आईजी ने जब्त किए गए नशीले पदार्थों का किया निरीक्षण

■ मादक पदार्थों की मात्रा, सील की स्थिति, वजन और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साउथ रेंज आईजी नाजनीन भसीन ने शुक्रवार जिला पुलिस मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मामलों में पुलिस की ओर से जब्त किए गए मादक पदार्थों का निस्तारण प्रक्रिया से पहले निरीक्षण किया।


रेवाड़ी। मादक पदार्थो का निरीक्षण करते हुए आईजी। फोटो : हरिभूमि

इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। आईजी नाजनीन भसीन ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में पुलिस द्वारा पकड़े गए नशीले पदार्थों का निरीक्षण किया। उन्होंने मादक पदार्थों की मात्रा, सील की स्थिति, वजन और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निस्तारण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और नियमों के अनुसार करने के निर्देश दिए।

वजन मापने और सील की जांच की गई। आईजी ने अधिकारियों को जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पुलिस कल्याण और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा की पुलिसिंग में आधुनिक तकनीक और डेटा का बेहतर इस्तेमाल किया जाए ताकि अपराधियों पर लगाम कसी जा सकें। अपराध प्रक्रिया, लंबित मुकदमों और गिरफ्तारियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और नशे के सौदागरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाए।

## ज्योति व हिमांशु का अंतर विवि ताइक्वाइंडों स्पर्धा के लिए चयन


रेवाड़ी। चयनित खिलाड़ी प्रशिक्षक के साथ। फोटो : हरिभूमि

■ प्रतियोगिता 16 से 20 मार्च तक आयोजित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हाल ही में आईजीयू मीरपुर की ओर से आयोजित हुए ताइक्वांडों खेल के ट्रायल में ताइक्वांडों एमेच्योर एसोसिएशन के दो खिलाड़ियों का अंतर विश्वविद्यालय ताइक्वाइंडों प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। जीसीडब्ल्यू रेवाड़ी की बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा ज्योति तथा गवर्नमेंट कॉलेज खरखड़ा के बीए सैकेंड ईयर के छात्र हिमांशु शर्मा का अंतर विश्वविद्यालय ताइक्वांडों प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। लड़कों की प्रतियोगिता डीएवी यूनिवर्सिटी जालंधर तथा लड़कियों की प्रतियोगिता फकीर मोहन विश्वविद्यालय उड़ीसा में होगी। ये प्रतियोगिता 16 से 20 मार्च तक आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट निशांत यादव, पूर्व डीईओ धर्मबीर बल्डोदिया, खंजाची एडवोकेट होशियार सिंह, जिला बाल कल्याण परिषद् की चेयरमैन श्रुति शर्मा तथा दीपचन्द यादव प्रशिक्षक ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मानसिक परेशान युवक ने फांसी लगाकर जान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मालपुरा गांव में करीब 35 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। गांव निवासी गजेंद्र वीरवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गया था। शुक्रवार सुबह जब वह देर तक नहीं उठा, तो परिजनों ने उसके कमरे में झांककर देखा। उसका शव पंखे के हुक से लटक रहा था। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस के अनुसार मृतक कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था, जिस कारण उसने फांसी लगाकर जान दे दी। शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चल पाएगा।

## दूधमुहे बच्चे को छोड़कर महिला प्रेमी के साथ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना रामपुरा क्षेत्र के एक गांव से 2 माह के मासूम बेटे को छोड़कर महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। आरोप है कि महिला अपने साथ घर से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी भी ले गई। पुलिस ने महिला के ससुर की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद महिला व आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस शिकायत में एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसने अपने बेटे की शादी लगभग एक साल पहले की थी। उसकी पुत्रवधु ने करीब 2 माह पहले बेटे को जन्म दिया था। उसका बेटा फरीदाबाद में नौकरी करता है। गत 11 मार्च को उसकी पुत्रवधु अपने बेटे को छोड़कर घर से अचानक चली गई। उसने अपने स्तर पर पुत्रवधु की तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। घर में देखने पर पता चला कि वह 20 हजार रुपये और आभूषण भी अपने साथ ले गई है। आभूषणों में सोने की झुमकी, मंगलसूत्र, अंगूठियां और कई अन्य जेवरात शामिल बताए गए हैं।

**पटौदी के युवक से था संपर्क**

महिला के ससुर ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसकी पुत्रवधु का पटौदी निवासी विशाल नाम के युवक के साथ लगातार संपर्क बना रहता था। उसने आरोप लगाया कि विशाल ही उसकी पुत्रवधु को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद महिला और आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी।

*लगभग एक सप्ताह कूल बना रह सकता है मौसम, बारिश के साथ ओलावृष्टि से भी इनकार नहीं*

# चार डिग्री लुढ़का पारा, भारी गर्मी का असर हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लगभग एक सप्ताह से तापमान बढ़ने के कारण भारी गर्मी का सामना कर रहे लोगों को आसमान में आंशिक बादल छाते ही राहत मिल गई है। 4 डिग्री से अधिक तापमान गिरने से मौसम के तेवर नरम पड़ गए हैं। लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। 15 मार्च को हल्की बारिश के साथ ओलावृष्टि की आशंका भी जताई जा रही है।

शुक्रवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाए रहे। इसके बाद दिन भर सूर्य और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। बादल छाने के बाद मौसम ठंडा पड़ गया। अधिकतम तापमान 4.5 डिग्री की गिरावट के साथ 32.0 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.9 की वृद्धि के साथ 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन के समय 13 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। 4 मार्च के बाद पहली बार अधिकतम तापमान इस स्तर पर आया है। इससे पहले लगभग एक सप्ताह से तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही थी। पंखे और एसी चलने का सिलसिला फरवरी के अंत में ही शुरू हो गया था। लगातार तापमान बढ़ने के कारण गर्मी पसीने छुड़ाने लगी थी। अब मौसम में बीते वीरवार से बदलाव आना शुरू हो गया। आसमान में आंशिक बादल छाने से दो दिन से लगातार पारा गिर रहा है। तापमान में आने वाले कुछ दिनों तक और कमी आने की संभावना बनी हुई है।

**कल बरसात की संभावना**


रेवाड़ी। शुक्रवार सुबह बादलों से बाहर निकलता सूर्य। फोटो : हरिभूमि

**आज भी छाएं रहेंगे आंशिक बादल**

*मौसम विभाग के अनुसार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव आ रहा है। शनिवार को भी आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है, जबकि रविवार को हल्की बरसात हो सकती है। बरसात व तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। अगर ओलावृष्टि होती है, तो उसके बाद एक सप्ताह तक तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।*

**बादल देख चिंतित हो रहे किसान**

*इस समय सरसों की कटाई और फसल निकालने का कार्य तेजी से चल रहा है। मौसम में बदलाव के कारण गेहूं की फसल को हो रहे नुकसान पर काफी हद तक रोक लगी है। अब ओलावृष्टि और तेज हवाओं के साथ बारिश की आशंका किसानों को परेशान कर रही है। अगर ओलावृष्टि होती है, तो इससे फसलों को भारी नुकसान हो सकता है।*

### भाविप जिला शाखा का रक्तदान शिविर कल

■ भाविप जिला शाखा प्रत्येक तीन माह में रक्तदान शिविर लगाती है

**रेवाड़ी।** भारत विकास परिषद् जिला शाखा की ओर से 15 मार्च को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक सरकुलर रोड धारूहेड़ा चुंगी स्थित डा. आरबी यादव अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हर्षा देवी सीनियर पैनल एडवोकेट उच्च न्यायालय नई दिल्ली शिरकत करेंगी। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप माटा ने बताया भाविप जिला शाखा प्रत्येक तीन माह में रक्तदान शिविर लगाती है। यह सेवा कार्य पिछले 15 साल से लगातार किया जा रहा है।



# ओ रोमियो को बॉक्स ऑफिस पर मिला फ्लॉप का तमगा

**मुंबई।** बॉलीवुड में शेक्सपियर की कहानियों को भारतीय परिवेश में ढालने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो ने सिनेमाघरों में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन महज कुछ हफ्तों में ही इसे फ्लॉप का तमगा मिल गया। फिल्म की कुल कमाई लगभग 100 करोड़ रुपए रही, जबकि बजट और प्रमोशन मिलाकर 130 करोड़ का खर्च आया, जिससे निर्माताओं को 30 करोड़ का नेट लॉस हुआ। ओ रोमियो की कहानी 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत ठीक-ठाक रही. पहले दिन 7.75 करोड़, दूसरे दिन 11.75 करोड़ और वैलेंटाइन डे के असर से वीकेंड में कुल 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई। लेकिन, उसके बाद गिरावट आई।

लाइफ Style

# अनन्या

## खुद को हमेशा कमतर समझा

अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही। अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा। वह हमेशा यह चाहती थी कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग चेंज लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा..' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' रिलीज होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# फैशन वीक में फ्लॉन्ट की सोने की अंगूठी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर जेंडाया, टॉम हॉलैंड के साथ शादी की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच वह पेरिस फैशन वीक में शानदार ड्रेस में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट की है। माना जाता है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी शादी को कंफर्म कर दिया है। उनके फैंस ऑनलाइन यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कपल ने चुपके से शादी कर ली है? जेंडाया ने लूव्र में लुई विटॉन के शो में सफेद रंग की ड्रेस में शिरकत की। शो में उन्होंने जो ज्वैलरी पहनी वह चर्चा का विषय बन गई। जेंडाया ने हाल के दिनों में सगाई की अंगूठी के बजाय एक सादी सोने की अंगूठी पहनी है। इस बात से पता चलता है कि उन्होंने शादी कर ली है। ज्वैलरी एक्सपर्ट पेज नील ने बताया कि जेंडाया ने जो अंगूठी पहनी है वह शादी की अंगूठियों की तरह है। बातचीत में नील ने कहा कि सादी अंगूठियां अक्सर आत्मविश्वास का संकेत होती हैं।



# डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए आरोन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर आरोन पियरे डीसी स्टूडियोज की आने वाली सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में शामिल हो गए हैं। यह फिल्म 2025 की सुपरहिट फिल्म 'सुपरमैन' का सीक्वल है। आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा।



# सिद्धार्थ की अगली हॉरर फिल्म का होंगे हिस्सा

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है। किंग फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं, किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




# मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज जब वी मेट की याद आ गई

**मुंबई।** रोमांस और प्यार की बात जब भी आती है तो इम्तियाज अली को भुलाया नहीं जा सकता। इस बार इम्तियाज 'मैं वापस आऊंगा' लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलजीत दोसांझ की ये फिल्म रोमांटिक तो है ही साथ ही इमोशनल करने वाली भी दिख रही है। फिल्म के टीजर में गुजरे वक्त की कहानी दिखाई जाती है। टीजर में दिखाया गया है कि एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की (शरवरी) को पसंद करता है। वो उसे छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उससे मिलता भी है। फिल्म नें नसीरुद्दीन शाह भी हैं जिन्हें पहचान पाना मुश्किल है। इस ट्रेलर को देखकर लोगों ने कहा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं, एक बार फिर से उन्होंने ये साबित कर दिया है। वहीं कई लोगों ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ की है और कहा है कि रणबीर के बाद दिलजीत अब इम्तियाज के फेवरेट बन गए हैं। वहीं एक ने कहा है- 'जब वी मेट' की याद आ गई।

## टीवी मसाला



# एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होंगे इन सेलेब्स के खास शोज

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी इस साल की बड़ी रिलीज की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत शिखर धवन का शो बैटलग्राउंड सीजन 2, नसीरुद्दीन शाह की मेड इन इंडिया और संजय कपूर की अब होगा हिसाब रिलीज होंगी। शिखर धवन की अगुवाई वाला शो 'बैटलग्राउंड सीजन 2' जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसमें भारत के जबरदस्त फिटनेस के दीवाने और प्रोफेशनल एथलीट जीत के लिए संघर्ष करेंगे। नए सिरे से बने 'बैटलग्राउंड हाउस' में एक ही छत के नीचे 16 कंटेस्टेंट होंगे। इस शो के निर्देशक उत्तम डोमाले, दीपदत्त पांडे और नेहा सेठ हैं। दिव्येंदु शर्मा और भावना अरोड़ा की अदाकारी वाला शो 'वेटिंग है' इसी साल रिलीज होने वाला है। इसकी कहानी एक रेलवे पुलिस फोर्स के जवान के आस-पास घूमती है, जो तत्काल टिकट पाने की जद्दोजहद के दौरान, करोड़ों के एक घोटाले का पर्दाफाश करता है। इसके निर्देशक समीर विध्वंस होंगे। सनी हिंदुजा और मीरा चोपड़ा की अदाकारी वाली सीरीज 'विमल खन्ना' इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके निर्देशक साकेत चौधरी और अभिनव सीकर हैं। इसमें एक ऐसे शख्स की कहानी दिखाई गई है जो हालात का मारा है और रक्षक' बन जाता है। दर्शकों को इसका इसका इंतजार है। क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर की अदाकारी वाली सीरीज 'रक्तांचल 3' एक पॉलिटिकल-क्राइम सीरीज है।

## सीआईडी के मेकर्स ने मुझे अचानक निकाला

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक क्राइम सीरीज सीआईडी का हर कोई फैन रहा है। इसका नया सीजन आया लेकिन लोगों के बीच उतना हाइप क्रिएट नहीं कर सका, जितना इसके पुराने और ओरिजनल एपिसोड्स और कलाकारों ने किया था। एसीपी प्रद्युमन, दया, फ्रेड्रिक्स, डॉक्टर सालुंखे, डॉक्टर तारिका, पूर्वी समेत कई किरदारों के अलावा, इसमें इंस्पेक्टर काजल भी थीं, जिनका किरदार 'अनुपमा' एक्ट्रेस जसवीर कौर ने निभाया था। उन्होंने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक दिन उन्हें अचानक शो से निकाल दिया गया और उन पर आरोप लगाए गए। उनके मुताबिक, उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए और अचानक शो छोड़ने के लिए कहा गया था। इसके बाद उन्होंने 7 साल तक स्ट्रगल किया और कैमियो के अलावा इनकम टैक्स रिटर्न से गुजारा किया। मुझे ऑफिस बुलाया गया और अचानक से कहा गया कि मेरा तौर-तरीका नहीं सही था। और मैंने बिना डायलॉग्स के स्क्रिप्ट भी ले ली थी।



# तीन बड़ी फिल्मों से टकराएगी शाहिद-कृति-रश्मिका की मूवी

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की 'कॉकटेल' के बाद होमी अदजानिया इसका सीक्वल 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी। ये साल 2026 की मोस्टअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज डेट आ गई है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट करके रिलीज डेट बताई है। फिल्म 19 जून को थिएटर्स में दस्तक देगी। लेकिन, इस मूवी के लिए थिएटर्स में अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। 19 मार्च को रिलीज होने वाली यश की 'टॉक्सिक' अब 4 जून को रिलीज होगी जो पैन-इंडिया फिल्म है। 6 भाषाओं में इसे बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। वहीं, एक हफ्ते बाद वरुण धवन की मूवी 'है जवानी तो इश्क होना है', जो पहले 10 अप्रैल से 5 जून को आनी थी, वह अब 12 जून को दस्तक देगी। फिर एक हफ्ते बाद 19 जून को 'कॉकटल 2' आएगी और उसके एक हफ्ते बाद 26 जून को अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'वेलकम टू जंगल' बॉक्स ऑफिस पर धप्पा बोलेगी।



# इस वीकएंड ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का

**नई दिल्ली।** फिर वीकएंड आ गया है! कुछ लोग अपने काम निपटाएंगे। कुछ दोस्तों के साथ मुलाकात और पार्टी करना पसंद करेंगे। मगर, एंटरटेनमेंट के शौकीन अपने पसंदीदा सिनेमा का लुत्फ उठाएंगे। बढ़ती गर्मी के बीच अगर थिएटर जाने का मन नहीं है और घर बैठे ही कुछ बढ़िया देखना है तो इस वीक की ओटीटी लिस्ट चेक कर लीजिए। इस बार काफी दिलचस्प विकल्प हैं।

### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत यह फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे लेकर काफी विवाद रहा था। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत रही। अब 'द ताज स्टोरी' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह फिल्म 13 मार्च 2026 से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम हो रही है।

## रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज



### एस्पिरेंट्स सीजन 3

लोकप्रिय सीरीज एस्पिरेंट्स के पिछले दो सीजन काफी पसंद किए गए। अब यह सीरीज अपने तीसरे सीजन के साथ आ रही है। टीवीएफ की यह चर्चित सीरीज 13 मार्च 2026 से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीजन डीएम अभिलाष (नवीन कस्तूरिया) की सफलता के बाद की चुनौतियों को दिखाएगा। साथ ही, संदीप ओहलान के आरोपों के बाद की जांच और रिश्तों में आए उतार-चढ़ाव पर बेस्ड है। नवीन कस्तूरिया, सनी हिंदुजा और अभिलाष थपलियाल इसमें अहम रोल में नजर आएंगे।

### पूकी

फिल्म पूकी फरवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह भी ओटीटी पर आ रही है। इस फिल्म में जेन जी के रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया है। वीकएंड पर इस फिल्म को देख सकते हैं। यह 13 मार्च 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह तमिल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है।

### फंकी

अगर आप कुछ कॉमेडी से भरपूर देखना चाहते हैं तो इस वीकएंड आप 'फंकी' देख सकते हैं। यह साउथ की कॉमेडी फिल्म है। यह शुक्रवार 13 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

### जूटोपिया 2

एनिमेटिड फिल्म 'जूटोपिया' का दूसरा पार्ट यानी 'जूटोपिया 2' भी इस वीकएंड की लिस्ट में शामिल है। इसे बच्चों के साथ बैठकर वीकएंड पर देखा जा सकता है। यह 11 मार्च को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है।

## 15 मार्च को डॉल्बी थिएटर में होना ऑस्कर 2026 का आयोजन

# थप्पड़ से लेकर कपड़े उतारने तक की घटनाएं रहीं विवादित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्कर 2026 का आयोजन 15 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होना है। लेकिन, भारत में इस अवॉर्ड समारोह को सोमवार 16 मार्च की सुबह साढ़े चार बजे से देखा जा सकेगा। फैंस इस समारोह का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑस्कर को फिल्म जगत का सबसे मशहूर समारोह माना जाता है। लेकिन, ऑस्कर में कई ऐसे विवाद भी हुए हैं, जो काफी चर्चाओं में रहे।

### जब गलत फिल्म का हुआ अनाउंसमेंट

2017 में बेस्ट पिक्चर कैटेगरी में 'मूनलाइट' फिल्म को अवॉर्ड दिया जाने वाला था। हालांकि, अवॉर्ड प्रेजेंटर्स को जो लिफाफा मिला, उसमें फिल्म 'ला ला लैंड' का नाम लिखा गया था। अनाउंसमेंट होने के बाद प्रेजेंटर्स ने सही नाम की घोषणा कर माफी मांगी थी।

### विल ने होस्ट क्रिस रॉक को जड़ा थप्पड़

2022 में ऑस्कर सबसे ज्यादा चर्चा में विल स्मिथ द्वारा क्रिस रॉक को मंच पर थप्पड़ मारने के चलते चर्चाओं में से सुर्खियों में रहा था। क्रिस ने विल स्मिथ की पत्नी के गंजे सिर पर मजाक किया था। कुछ देर बार विल स्मिथ को फिल्म 'किंग रिचर्ड' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, तो उन्होंने मंच पर एकेडमी से माफी मांगी, लेकिन उन्होंने क्रिस रॉक के लिए कुछ नहीं कहा।



### मार्लन का चोरी हो गया ऑस्कर

1954 की फिल्म 'ऑन द वॉटरफ्रंट' के लिए मार्लन ब्रांडो को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था, जो उनके घर से चोरी हो गया था। कुछ समय बाद 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को यही अवॉर्ड अमेरिकन फाइनेंसर जो लो ने तोहफे में दिया। जो लो ने लियोनार्डो की फिल्म 'द वुल्फ ऑफ द वॉल स्ट्रीट' में पैसे लगाए थे।

### लियोनार्डो ने लौटाया अवॉर्ड

जब जो लो पर धोखाधड़ी के केस की जांच बैठी और उनकी संपत्ति जब्त हुई तो लियोनार्डो को ये अवॉर्ड अधिकारियों को लौटाना पड़ा। जो लो ने अधिकारियों को बताया कि ये अवॉर्ड एक ऑक्शन में 6 लाख डॉलर (5.2 करोड रुपए) में खरीदा था।

### कोरिन ने स्टेज पर उतारे कपड़े

साल 2021 के ऑस्कर अवॉर्ड के दौरान फ्रेंच अभिनेत्री कोरिन मासेरियो ने स्टेज पर ही कपड़े उतार दिए थे। उन्होंने फ्रेंच सरकार का विरोध करने के लिए ऐसा किया था। वह जैसे ही अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए। उनके शरीर पर नारे लिखे हुए थे।

### एड्रियन ने हैल को स्टेज पर किया किस

साल 2003 में अमेरिकी अभिनेता एड्रियन ब्रूडी ने स्टेज पर एक्ट्रेस हैल बेरी को किस कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, ब्रूडी को फिल्म 'दि पियानिस्ट' के लिए ऑस्कर मिला था। अवॉर्ड देने के लिए स्टेज पर जब अभिनेत्री हैल बेरी आईं तो अभिनेता ने उन्हें किस कर लिया।

### सेरेमनी से पहले चोरी हुईं 55 ऑस्कर ट्रॉफी

साल 2000 में ऑस्कर समारोह से 20 दिन पहले 55 ट्रॉफी से भरा ट्रक चोरी हो गया था। जल्दबाजी में सेरेमनी के लिए नई ट्रॉफी बनवाई गईं। कुछ दिनों बाद एक शख्स को कचरे के ढेर में 52 ऑस्कर ट्रॉफी मिली थीं। बची हुई 3 में से एक ट्रॉफी ड्रग रेड में मिली, लेकिन बाकी 2 ट्रॉफी आज भी लापता हैं। रिकवर हुईं सभी ट्रॉफी को नष्ट कर दिया गया था।

## खबर संक्षेप

### गंदे पानी की निकासी के लिए तैयार हो रहा जोहड़

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर में लंबे समय से बनी हुई गंदे पानी की निकासी की समस्या के समाधान के लिए अब ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए पंचायती भूमि और निजी भूमि के दबादले की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। प्रशासनिक स्तर पर इस मामले को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में जल्द समाधान की उम्मीद जगी है।

### 200 मीटर के दायरे में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**नारनौल।** जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने 14 मार्च को केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली महेंद्रगढ़ में होने वाले दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए ड्रोन नियम 2021 के नियम 24 के तहत विश्वविद्यालय के 200 मीटर के दायरे में किसी भी यूएवी जैसे ड्रोन उड़ान भरने के उद्देश्य से उसे नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया है।

### जड़वा में श्रीरामचरित मानस पाठ 19 से

**सतनाली मंडी।** गांव जड़वा स्थित श्री बांके बिहारी गोशाला में श्रीरामचरित मानस नवाह्नपारायण एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति सदस्य हरिसिंह शेखावत ने बताया कि गोशाला में संत स्वरुपदास महाराज व संत किशन दास के सानिध्य में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च से रामनवमी 27 मार्च तक श्रीरामचरित मानस का नवाह्नपारायण व दुर्लभ सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

### गुजरवास में हृदय जांच एवं मेडिसिन कैंप आज

**मंडी अटेली।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुजरवास में श्री राम सेवा ट्रस्ट गुजरवास की ओर से 14 मार्च आज शनिवार को हृदय जांच एवं मेडिसिन कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नीजी अस्पताल नारनौल के हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। श्री राम सेवा ट्रस्ट प्रधान ओपी चौहान ने बताया कि कैंप में ईसीसी, ब्लड टेस्ट, डायबिटीज सहित अन्य जांच फ्री की जाएगी।

*18 मार्च को फिर सक्रिय होगा एक नया पश्चिमी विक्षोभ, फिर से आएगा मौसम में बदलाव*

# मौसम में देखने को मिलेगा बदलाव, अंधड़ के साथ हल्की बारिश की संभावना, विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

क्षेत्र में आमतौर पर मौसम परिवर्तनशील बना हुआ। वहीं शुक्रवार को बादलों की आवाजाही देखने को मिली। वर्तमान में एक नया पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास बना हुआ है। यह पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर शनिवार अलसुबह पहुंच जाएगा। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में बादलों की आवाजाही में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इस मौसम प्रणाली का असर से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 14-15 मार्च के दौरान यानी 14 मार्च को केवल 20-25 प्रतिशत हिस्सों, जबकि 15 मार्च को हरियाणा एनसीआर दिल्ली के 50 प्रतिशत हिस्सों में हल्की बारिश, बूंदाबांदी, तेज गति की हवाएं चलने, आंधी अंधड़ के साथ एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ ओलावृष्टि की संभावना है, जबकि 16 मार्च को केवल उत्तरी जिलों पर हल्की बारिश, बूंदाबांदी की सम्भावना बन रही है। जिसकी वजह से मौसम विभाग ने सम्पूर्ण इलाके पर येलो अलर्ट जारी कर दिया है। इसके बाद भी 18 मार्च को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 18-21 मार्च के दौरान हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इन मौसम प्रणालियों से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी होने व उत्तरी हवाओं से सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में बड़ी गिरावट की सम्भावना बन रही है। मार्च महीने के अंतिम दिनों व अप्रैल महीने की शुरुआत में एक के बाद एक तीन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से लगातार उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी व मैदानी राज्यों में हल्की बारिश, बूंदाबांदी व तेज गति की हवाओं, अंधड़ आंधी जारी रहेंगे। जिससे मार्च का दूसरा व अप्रैल महीने का पहला पखवाड़ा सुहावना बना रहेगा।

**वर्तमान में एक नया पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास बना**

**मार्च के दूसरे पखवाड़े में मौसम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपने कृषि कार्यों को अंजाम दें**

*पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर शनिवार अलसुबह पहुंच जाएगा। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में बादलों की आवाजाही में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।*

**आंशिक बादलों की आवाजाही से धीरे-धीरे तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी**

#### किसानों के लिए विशेष

किसान भाइयों से सलाह दी जाती है कि आने वाले दिनों में मार्च के दूसरे पखवाड़े में मौसम परिस्थितियों को ध्यान रखते हुए अपने कृषि कार्यों को अंजाम दें। जिन किसान भाइयों ने अपनी कृषि फसलें कटाई कर ली है, उनको संरक्षित करें, क्योंकि मार्च महीने के अंतिम दिनों व अप्रैल महीने के पहले सप्ताह के दौरान लगातार तीन-चार पश्चिमी मौसम प्रणालियां सक्रिय होने की संभावना बन रही है।

#### जिला महेंद्रगढ़ के मौसम के मिजाज

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि पाकिस्तान पर कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पहुंच गया है, जो 14 मार्च की अलसुबह तक उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर पहुंचेगा। इस पश्चिमी प्रणाली के असर से जिले में सुबह से शाम तक पांच से 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं, अंधड़ की संभावना बन रही है। वहीं आंशिक बादलों की आवाजाही से धीरे-धीरे तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी। हालांकि जिले में दिन व रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। शुक्रवार को जिले का दिन व रात का तापमान क्रमशः 32.5 व 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## कनीना से नारनौल होते हुए जयपुर, टोंक व देवली के रास्ते पहुंचेगी चितौड़गढ़

# कनीना से चितौड़गढ़ के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

**ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए भी बढ़ेगी सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल/कनीना

हरियाणा रोडवेज ने क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कनीना से चितौड़गढ़ के लिए नई बस सेवा शुरू की है। इस बस सेवा के शुरू होने से महेंद्रगढ़ जिले समेत आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में काफी राहत मिलेगी। खास बात यह है कि यह बस सेवा राजस्थान के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों तक सीधा संपर्क उपलब्ध कराएगी, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों दोनों को लाभ होगा।

रोडवेज अधिकारियों के अनुसार यह बस कनीना से प्रतिदिन सुबह लगभग सवा सात बजे रवाना होगी। रास्ते में 8 बजे अटेली और फिर यह बस सुबह करीब 8:40 बजे नारनौल पहुंचेगी। इसके बाद आगे का सफर जारी रखते हुए दोपहर करीब एक बजे जयपुर पहुंचेगी और फिर रात करीब 10:15 बजे चितौड़गढ़ पहुंचेगी। इस बस सेवा के शुरू होने से चितौड़गढ़ के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों तक पहुंचना अब काफी आसान हो जाएगा। चितौड़गढ़ अपने ऐतिहासिक किले, पद्मावती महल और सांवलिया सेठ कृष्ण मंदिर के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। इन स्थानों के दर्शन के लिए हर साल हजारों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। रोडवेज अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र के काफी लोग पहले भी चितौड़गढ़ जाने के लिए अलग-अलग साधनों का सहारा लेते थे, लेकिन सीधी बस सेवा नहीं होने से यात्रियों को परेशानी होती थी।



कनीना। रोडवेज बस एवं जीएम देवदत्त का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### सरकार की जनहित नीति के तहत शुरू की सेवा

जीएम देवदत्त ने बताया कि सरकार की नीति जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की है। इसी नीति के तहत यात्रियों की मांग को देखते हुए यह नई बस सेवा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि इस बस को चलाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, परिवहन मंत्री अनिल विज, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव तथा नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव का विशेष सहयोग मिला है। सरकार लगातार परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रही है।

#### कई प्रमुख शहरों से होकर जाएगी बस

बस की समय सारणी के अनुसार यह बस 7 बजकर 15 मिनट पर कनीना से चलेगी तथा आठ बजे अटेली पहुंचेगी। अटेली से चलकर 8:40 बजे नारनौल, दोपहर 1:05 बजे जयपुर, शाम 8:30 बजे बेगू तथा रात 10:15 बजे चित्तौड़गढ़ पहुंचेगी, जो वहां रात्रि ठहराव करेगी। रात्रि ठहराव करने के बाद अगले दिन इसी रास्ते से 4 बजकर 15 मिनट पर चित्तौड़गढ़ से चलते हुए 6 बजे बेगू से दोपहर 2 बजे जयपुर से चलते हुए शाम 5:45 बजे नारनौल पहुंचेगी।

#### यह रहे मौजूद

बस के संचालन के समय स्वास्थ्य मंत्री बहन आरती राव के पीए गोविंद गोस्वामी, रिटायर्ड कैप्टन भरपूर सिंह, पूर्व सरपंच दिलीप सिंह, जेपी कोटिया चेयरमैन मार्किट कमेटी, रमेश वाइस चेयरमैन कनीना ब्लॉक, वीरेंद्र भाजपा मंडल अध्यक्ष, पूर्व सरपंच विजेंद्र, दीपक चौधरी पार्षद कनीना, कृष्ण पूर्व सरपंच, महेंद्र पूर्व सरपंच, मुकेश लंबरदार, नरेंद्र फौजी, विजेंद्र, ट्रैफिक मैनेजर जनरल सिंह आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### 28 साल की सरकारी सेवा के बाद कानूनगो पद से सेवानिवृत्त हुए बलजीत यादव

**रेवाड़ी।** दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान बलजीत सिंह यादव राजस्व विभाग में 28 साल से अधिक समय अपनी सेवाएं देने के बाद कानूनगो पद से सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति पर पटवार भवन में आयोजित सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें राजस्व विभाग के अधिकारी, कानूनगो और पटवारी शामिल हुए। सभी ने बलजीत यादव को भावपूर्ण विदाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के सचिव रणबीर यादव ने की। इस मौके पर जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल ने कानूनगो बलजीत सिंह यादव की सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बलजीत सिंह ने पूरी ईमानदारी से राजस्व विभाग में अपना कार्य किया। रोहिताश पंवार तहसीलदार, रेवाड़ी व श्यामसुंदर नायब तहसीलदार बावल ने उनके कार्यों की सराहना की। कविता पटवारी व हनुमान सिंह सदर कानूनगो ने बलजीत यादव के परिजनों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

### कोसली कोर्ट परिसर में आज होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**कोसली।** कोसली कोर्ट परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। कोसली के एसीजे व एसडीजेएम अशोक कुमार की अध्यक्षता में 14 मार्च को सुबह 9 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। लोक अदालत में वित्तीय लेन-देन, राजस्व विभाग, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, श्रम विवाद, पारिवारिक मामले, बिजली वितरण निगम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिल व कनेक्शन तथा बीमा आदि से संबंधित मामलों का निपटारा किया जाएगा। एसीजे अशोक कुमार ने कहा कि लोक अदालत में एक बार फैसला हो जाने के बाद इसकी आगे कहीं अपील नहीं होती है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है।

### डहीना पावर स्टेशन पर मेंटेनेंस कार्य के कारण छह गांवों में दो घंटे बिजली रहेगी बाधित

**डहीना।** डहीना पावर सब स्टेशन में 10-16 एमवीए ट्रांसफार्मर टी-1 पर मेंटेनेंस कार्य करने के लिए 14 मार्च को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक शटडाउन लिया गया है। कार्य के कारण सब स्टेशन के अधीन आने वाले 6 गांवों की बिजली बंद रहेगी। सब स्टेशन के एसएसई अरुण यादव व इंचार्ज राजीव जेई ने बताया कि ट्रांसफार्मर पर मरम्मत कार्य करने के लिए एसएलडीसी पानीपत से शटडाउन लिया गया है। इससे पावर सब स्टेशन के अधीन आने वाले गांव डहीना, जैनाबाद, ढाणी ठेठरबाढ़, निमोठ, कंवाली व गोठड़ा की बिजली बाधित रहेगी।

### श्रद्धालु रविवार को मनाएंगे भगवान विष्णु को समर्पित पापमोचिनी एकादशी का पर्व

**रेवाड़ी।** भगवान विष्णु को समर्पित पापमोचिनी एकादशी का पर्व चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी यानि कि रविवार को विधि विधान से मनाया जाएगा। पापमोचनी एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के जाने-अनजाने में हुए पापों का नाश होता है। धार्मिक ग्रंथों में भी इस एकादशी को बेहद पुण्यदायी बताया गया है। इसलिए श्रद्धालु पूरे नियम और श्रद्धा के साथ इस दिन व्रत रखते हैं और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित हेतराम शर्मा का कहना है कि चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि की शुरूआत शनिवार को प्रातः 8 बजकर 10 मिनट पर होगी, जिसका समापन रविवार को प्रातः 9 बजकर 16 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार पापमोचनी एकादशी का मुख्य व्रत 15 मार्च को रखा जाएगा। धार्मिक शास्त्रों में उल्लेख है कि पापमोचिनी एकादशी का बडा ही महत्व है। स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इस एकादशी का महत्व बताते हुए कहा था कि जो व्यक्ति इस व्रत को रखता है,उसके समस्त पाप समाप्त हो जाते हैं और सभी मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं।

### सांसद धर्मबीर सिंह को सौंपा मांग-पत्र

**महेंद्रगढ़।** विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने केंद्रीय विश्वविद्यालय में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स एजुकेशन एंड रिसर्च खोलने की मांग की है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि हाल में आए केंद्रीय बजट में बॉयोफार्मा शक्ति पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है। इसके अंतर्गत लगभग 10 हजार करोड़ का प्रावधान भी किया गया है तथा तीन नए फार्मास्यूटिकल्स एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट खोलने की भी घोषणा हुई है। महेंद्रगढ़ जिला एक अर्ध-मरूस्थलिय इलाका है। यहां देसी जड़ी बूटियों यानी बॉयोफार्मा शक्ति का भंडार है। इसी जिले के नारनौल में ढोसी की पहाड़ी भी हैं। बताया जाता है कि च्यवनप्राश के जनक महर्षि च्यवन ने इसी पहाड़ी पर तपस्या करके यहां पाई जाने वाली जड़ी बूटियों से च्यवनप्राश बनाया था। इसी विषय को लेकर दिल्ली निवास पर सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात कर केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस संस्थान को खोलने की मांग करते हुए एक मांग पत्र सौंपा।



### ज्योति व हिमांशु का अंतर विश्वविद्यालय ताइक्वांडों प्रतियोगिता के लिए चयन

**रेवाड़ी।** हाल ही में आईजीयू मीरपुर की ओर से आयोजित हुए ताइक्वांडों खेल के ट्रायल में ताइक्वांडों एमेच्योर एसोसिएशन के दो खिलाड़ियों का अंतर विश्वविद्यालय ताइक्वाइंडों प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। जीसीडब्ल्यू रेवाड़ी की बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा ज्योति तथा गवर्नमेंट कॉलेज खरखड़ा के बीए सैकेंड ईयर के छात्र हिमांशु शर्मा का अंतर विश्वविद्यालय ताइक्वांडों प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। लड़कों की प्रतियोगिता डीएवी यूनिवर्सिटी जालंधर तथा लड़कियों की प्रतियोगिता फकीर मोहन विश्वविद्यालय उड़ीसा में होगी। ये प्रतियोगिता 16 से 20 मार्च तक आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट निशांत यादव, पूर्व डीईओ धर्मबीर बल्डोदिया, खंजाची एडवोकेट होशियार सिंह, जिला बाल कल्याण परिषद् की चेयरमैन श्रुति शर्मा तथा दीपचन्द यादव प्रशिक्षक ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ईंधन और खाद्य पदार्थों के अवैध स्टॉक पर होगी कार्रवाई: यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली



एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि कोसली उपमंडल में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी तथा एलपीजी आदि ईंधन की कोई कमी नहीं है। नागरिक एलपीजी का सिलेंडर लेने के लिए अधीरता न दिखाएं। एजेंसियों की ओर से निर्धारित किए गए शेड्यूल अनुसार सभी उपभोक्ताओं को रिफिल दिया जाएगा। एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के कुछ मसलों को लेकर लोगों में यह भ्रम फैल गया है कि पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की आपूर्ति बाधित हो सकती है, जबकि वास्तव में ऐसा कुछ नहीं है। केंद्र सरकार ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कुछ एहतियाती कदम उठाए हैं। सरकार ने सिलेंडर दिए जाने का शेड्यूल केवल इसलिए परिवर्तित किया है, जिससे कि सप्लाई की चेन निरंतर बनी रहे। गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी सिलेंडरों का अवैध स्टॉक नहीं होना चाहिए। कोई व्यक्ति कहीं भी ईंधन का स्टॉक करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि सभी डिपो संचालक अंत्योदय परिवारों को समय पर राशन दे। डिपो धारक बीपीएल परिवारों को अनाज, तेल व चीनी की आपूर्ति समय पर करें। उन्होंने कहा कि कभी भी खाद्य वस्तुओं व ईंधन आदि के स्टॉक की जांच की जा सकती है।

# एनएसएस से विद्यार्थियों को समाज सेवा, नेतृत्व और अनुशासन सीखने का अवसर मिलता: दिलबाग सिंह

- **स्वयंसेवकों ने संगीत, नृत्य, नाटक तथा अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ स्वर्ग लोक आश्रम गांव बुडाना में हुआ। यह शिविर 18 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत में स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत प्रस्तुत किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विवि कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने किया। इस अवसर पर गांव तुर्कियावास के सरपंच नरेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। गांव बुडाना के जनप्रतिनिधि व इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा. बलजीत भी कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा. मुकेश कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डा. संदीप कुमार, डा प्रियंका रांगा, डा. अनीता यादव और डा. अमनदीप ने सक्रिय भूमिका निभाई। डा. मुकेश कुमार ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को पौधे एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया।

डा.संदीप कुमार ने कुलसचिव, सरपंच व कार्यक्रम समन्वयक सहित अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शाम के सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने संगीत, नृत्य, नाटक तथा अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आगामी दिनों में शिविर के दौरान विभिन्न सामाजिक, स्वच्छता एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएगी।




रेवाड़ी। शिविर में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

#### विद्यार्थी अपने लक्ष्य पर केन्द्रित रहें

इस मौके पर कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज सेवा, नेतृत्व और अनुशासन सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने और समाज के लिए सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## प्रधानाचार्य व उनकी धर्मपत्नी सहित स्टाफ और विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

# बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में लगाया रक्तदान शिविर

**42 यूनिट रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में शुक्रवार को युवा साथी ग्रुप एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना रहा। शिविर में विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों और समाजसेवियों ने भाग लिया और 42 यूनिट रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन नारनौल डॉ. अशोक कुमार रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने की। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी राजकुमार राता, मार्केट कमेटी अटेली के चेयरमैन दिनेश जेलदार, सुरेंद्र शर्मा, संदीप ठेकेदार, इंदू यादव गोसेविका एवं पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ी कोई मानव सेवा नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में कई बार दुर्घटनाओं, ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों के मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में रक्तदाताओं द्वारा दिया गया रक्त किसी की जिंदगी बचाने में अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। रक्तदान जैसे सेवा कार्य समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सेवा और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।



नारनौल। रक्तदान करते प्रधानाचार्य अनिल यादव एवं उनकी धर्मपत्नी।

#### कई समाजसेवियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

इस अवसर पर प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने स्वयं रक्तदान किया और उनकी धर्मपत्नी ने भी रक्तदान कर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके साथ ही संस्थान के काफी स्टाफ सदस्यों ने भी रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया, जिससे विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में कई समाजसेवियों और सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य सहयोगियों में टिंकू प्रधान, अंशु यादव, योगेंद्र सिंह, शर्मा, मनोज यादव, राजेश सैनी, विशाल सैनी, पीयूष सैनी, राकेश यादव, डॉ शिव कुमार, देव शर्मा, मोहित सैनी, हेमंत, साहिल, कल्पना शर्मा, कुमकुम खांडा, स्नेह शर्मा, रानी संधी, संदीप यादव व आदेश सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

### मामले की जांच व उचित कार्रवाई की मांग

# गौत्र प्रकरण को लेकर एकतरफा कार्रवाई डीएसपी से मिले दूसरे पक्ष के लोग

## पुलिस पर एक ही पक्ष के खिलाफ कार्रवाई का आरोप, डीएसपी ने जांच के बाद उचित कार्रवाई का दिया भरोसा


रेवाड़ी। डीएसपी से मिलने के लिए आए वाल्मीकि बस्ती बावल के लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

बावल में गत 10 मार्च को गौत्र प्रकरण को लेकर उपजे विवाद मामले में नया मोड़ आया है। एक पक्ष के लोगों ने डीएसपी से मिलकर गौत्र को लेकर शादी में विवाद की बात से पूरी तरह इनकार किया है। साथ ही दूसरे पक्ष के लोगों पर मारपीट करने और पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई के आरोप लगाते हुए मामले की जांच व उचित कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को डीएसपी रविंद्र कुमार से मिले वाल्मीकि बस्ती के लोगों ने एसपी के नाम का ज्ञापन दिया। प्रेम कुमार के नेतृत्व में आए बस्ती के लोगों ने बताया कि उनके घर पर लड़की की शादी का कार्यक्रम था। मार्च की रात वह रिश्तेदारों को विदा करने के बाद भठिंडा जाने के लिए घर से बाहर आए थे। उसी समय वहां से बनवारा निकल रहा था। उसने आरोप लगाया कि बनवारा में शामिल लोग उनके घरों के बार अश्लील इशारे करने लगे। उन लो्रगों ने डीजे की गाड़ी में पत्थर रखे हुए थे, जबकि हाथों में लाठी-डंडे लिए हुए थे। अश्लील इशारे करने से मना करने पर इन लोगों ने उसके परिवार पर हमला बोल दिया। बुजुर्ग महिला सोमा देवी के पैर को चोट मारकर फ्रेक्चर कर दिया। उसके परिवार की महिलाओं व अन्य सदस्यों के साथ जमकर मारपीट की। उनके परिवार के कई लोग घायल हो गए। इसी दौरान सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**गौत्र का नाम देकर उन्हें बदनाम करने की साजिश रची गई**

**पुलिस घायल होने के बावजूद उनके पक्ष के लोगों को ही गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई**

### गौत्र विवाद का नहीं था कोई मामला

प्रेम कुमार ने बताया कि उन्हें बनवारा निकाल रहे युवक की शादी को लेकर गौत्र के मामले में कोई आपत्ति नहीं थी। इसके बावजूद इस प्रकरण को गौत्र का नाम देकर उन्हें बदनाम करने की साजिश रची गई। उसी के परिवार के सदस्यों के साथ जमकर मारपीट की गई, जो रंजिश के अलावा कुछ नहीं था। पुलिस घायल होने के बावजूद उनके पक्ष के लोगों को ही गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई।

### पुलिस पर जमकर मारपीट के आरोप

उन्होंने आरोप लगाया कि दो पुलिसकर्मियों ने थाने में केस दर्ज करने के बाद उनके युवाओं के साथ अमानवीय व्यवहार किया। इन युवकों को पुलिस थाने में जमकर पीटा गया। दो पुलिसकर्मियों ने मारपीट को अंजाम दिया। दो-तीन युवकों से मारपीट के कारण सही ढंग से चला भी नहीं जा रहा। पुलिसकर्मियों ने उन्हें चेतावनी दी कि कोई कार्रवाई करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

### आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

डीएसपी रविंद्र कुमार से मिले बस्ती के लोगों ने दूसरे पक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए। साथ ही पुलिसकर्मियों की ओर से थाने में युवाओं के साथ मारपीट व बर्बर व्यवहार करने की शिकायत भी की। डीएसपी ने आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


रेवाड़ी। अपनी मांगों को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते प्रशिक्षु पटवारी। फोटो : हरिभूमि

# प्रशिक्षण अवधि को सेवाकाल में शामिल करने की मांग, प्रशिक्षु पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

शुक्रवार को जिले के प्रशिक्षु पटवारियों की ओर से प्रशिक्षण अवधि को सेवाकाल में शामिल किए जाने के लिए अधिसूचना जारी करने तथा अन्य कर्मचारियों की तरह सभी सरकारी सुविधा जैसे वेतन, टीए व मेडिकल बेनिफिट न मिलने तक डीसीएस व अन्य जोखिम भरे कार्य न कराने को लेकर मुख्यमंत्री व वित्त आयुक्त राजस्व हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रशिक्षु पटवारियों ने कहा कि वे 1 जनवरी 2025 से पटवार प्रशिक्षण स्कूल या क्षेत्रीय प्रशिक्षण ले रहे है। मुख्यमंत्री की ओर से 7 जनवरी 2025 को प्रशिक्षु पटवारियों के लिए अहम घोषणाएं की गई थी, जिसमें पटवार समय अवधि 1 साल 6 माह से घटाकर 1 साल की गई। प्रशिक्षण अवधि को सेवा में शामिल करने व प्रशिक्षण अवधि में पूर्ण वेतन देने की घोषणा शामिल थी, परन्तु 15 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक सरकार की ओर से इस बारे में कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई। सभी प्रशिक्षु पटवारी डीएलआर ऑफिस में अपनी भागों को लेकर गए थे, जहां आश्वासन दिया गया था कि 15 मार्च तक अधिसूचना जारी हो जाएगी और वेतन एरियर के साथ दिया जाएगा।

### कोई भी प्रशिक्षु पटवारी डीसीएस व अन्य जोखिम भरा कार्य नहीं करेगा

प्रशिक्षु पटवारियों ने कहा कि केवल 10 मार्च को एक नोटिस जारी किया गया, जिसमें प्रशिक्षण अवधि 4 माह और बढ़ा दी गई है। इस अन्यायपूर्ण आदेश के विरोध में सभी पटवारियों ने निर्णय लिया है कि जब तक सरकार अधिसूचना जारी नहीं करती तब तक कोई भी प्रशिक्षु पटवारी डीसीएस व अन्य जोखिम भरा कार्य नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि पटवारी मेडिकल क्रमांक पंचकुला 16 फरवरी के अनुसार किसी भी प्रशिक्षु पटवारी का न तो जीवन बीमा व स्वास्थ बीमा है और न ही किसी भी प्रकार की चिकित्सा सुविधा का लाभ वर्तमान में सरकार की ओर से नहीं दिया जा रहा है।

### मंडल स्तरीय कार्यशाला में कार्यकर्ताओं के नेतृत्व कौशल के सुदृढ़ीकरण पर मंथन

धारूहेड़ा। शुक्रवार को धारूहेड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री पंडित हिमांशु पालीवाल ने किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं नेतृत्व कौशल के सुदृढ़ीकरण पर मंथन किया गया। इस मौके पर पालीवाल ने कहा यह महाअभियान केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में समर्पित कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान करने का सशक्त प्रयास है। इस अवसर पर संभाग के अध्यक्ष अजीत कोसलिया, नपा चेयरमैन कंवर सिंह, उप प्रधान सत्यनारायण जांगिड़, महामंत्री देवराज व रामनिवास प्रजापति सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।


रेवाड़ी। सफाई कर्मियों की टीम का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि


### आरडीएस गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाई ने नप के साथ चलाया सफाई अभियान

रेवाड़ी। आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाई ने नगर परिषद टीम के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में आई लव रेवाड़ी टीम से कैप्टन देवदत्त शर्मा ने सहयोग किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान मुकेश कुमार भट्टेवाला व प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव ने टीम का सम्मान किया। सफाई टीम ने महाविद्यालय के आसपास साफ सफाई करके सभी को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। कॉलेज की छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति शपथ भी ली। अभियान के दौरान छात्राओं ने दुकानों पर कपड़े से बने थैले बांटकर सभी को पॉलीथिन की थैली का प्रयोग नहीं करने का संदेश दिया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. पिंकी शर्मा एवं एनएसएस कमेटी से डा. प्रवीण, क्रांति शर्मा व लोकेश्वर शर्मा सहित सफाई कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# खरखड़ा व्यायामशाला से हटेगी 11केवी बिजली लाइन

## बिजली निगम की ओर से फसल कटाई के बाद शुरू किया जाएगा लाइन शिफ्टिंग का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा


रेवाड़ी। व्यायामशाला में वर्षों खराब खड़ी हाईमास्ट लाइट।

धारूहेड़ा क्षेत्र के गांव खरखड़ा स्थित व्यायामशाला में छाए अंधेरे और परिसर के ऊपर से गुजर रही 11केवी हाइटेंशन बिजली लाइन के मामले में हरियाणा राज्य मानवाधिकार आयोग ने सख्ती दिखाई है। 12 मार्च को हुई सुनवाई में आयोग के सदस्य डीप भाटिया ने बिजली निगम और पंचायत विभाग से ताजा स्थिति रिपोर्ट तलब करते हुए मामले की अगली सुनवाई 6 अगस्त को निर्धारित की है। आयोग के समक्ष दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ ऑपरेशन, सब-डिवीजन धारूहेड़ा की रिपोर्ट में बताया गया कि 11केवी लाइन को शिफ्ट करने के लिए साइट का निरीक्षण कर वैकल्पिक मार्ग तय कर लिया गया है। इसके बाद लाइन शिफ्टिंग का अनुमान तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति भी प्राप्त कर ली गई है।

लाइन शिफ्टिंग का कार्य कराने के लिए धारूहेड़ा की एक फर्म को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है। निगम ने आयोग को अवगत कराया कि जिस खेत के रास्ते से नई लाइन प्रस्तावित की गई है, वहां इस समय गेहूं की फसल खड़ी है। ऐसे में फिलहाल कार्य करना संभव नहीं है,क्योंकि इससे किसानों की फसल को नुकसान हो सकता है। निगम ने आश्वासन दिया है कि फसल कटाई के तुरंत बाद प्राथमिकता के आधार पर लाइन शिफ्टिंग का कार्य शुरू करके एक सप्ताह में पूरा कर दिया जाएगा।

### पंचायत विभाग को भी नोटिस

मामले में जिला नगर आयुक्त की रिपोर्ट में बताया गया कि संबंधित स्थान नगरपालिका धारूहेड़ा के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, बल्कि यह ग्राम पंचायत खरखड़ा के अंतर्गत आता है। इस पर आयोग ने व्यायामशाला परिसर में स्ट्रीट लाइट बंद रहने और अंधेरा रहने की शिकायत को गंभीर मानते हुए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी से भी रिपोर्ट तलब की है। गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने व्यायामशाला के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन, परिसर में अंधेरा, खराब स्ट्रीट लाइटें और अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। बिजली निगम के अनुसार गेहूं की फसल कटाई के तुरंत बाद 11केवी लाइन को नए मार्ग से शिफ्ट करने का कार्य शुरू किया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

- आपसी सहमति से निपटाए जाएंगे मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



जिला न्यायिक परिसर में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा कराना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व का निपटारा किया जाएगा।

# रेवाड़ी-रींगस ट्रेन को नियमित चलाने की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेवाड़ी-रींगस के बीच चलने वाली विशेष रेलसेवा को अब नियमित रूप से चलाने की मंजूरी दी है। रेल मंत्रालय के अनुसार पहले यह ट्रेन गाड़ी संख्या 09637/09638 के रूप में विशेष ट्रेन के तौर पर संचालित हो रही थी। अब इसे नियमित सेवा में शामिल कर गाड़ी संख्या 59633/59634 रेवाड़ी-रींगस पैसेंजर के रूप में चलाया जाएगा। गाड़ी संख्या 09638 रींगस रेलवे स्टेशन से दोपहर 2:55 पर रवाना होकर रेवाड़ी जंक्शन शाम 6:20 पर पहुंचती है, जबकि गाड़ी संख्या 09637 रेवाड़ी से सुबह 11 बजे रवाना होकर रींगस जंक्शन दोपहर 2:20 पर पहुंचती है। इस ट्रेन के लिए जिला प्रमुख मनोज यादव ने केंद्रीय रेल मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है।


रेवाड़ी। महेश्वरी में अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### डीटीपी की महेश्वरी व खलियावास में कार्रवाई, अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

रेवाड़ी। डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को धारूहेड़ा क्षेत्र की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में भी खलबली मची हुई है। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम गांव महेश्वरी में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने बिना अनुमति के बन रहे निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने दिल्ली-जयुपर हाइवे पर गांव खलियावास में भी ग्रीन बेल्ट की 30 मीटर पट्टी में बन रहे अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अवैध निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है।

### स्वयंसेवकों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया

# विद्यार्थियों ने दिया साइबर अपराध भ्रष्टाचार पर जागरूकता का संदेश

- स्वयंसेवकों का ब्लड प्रेशर हाइट और वेट भी जांचा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी


रेवाड़ी। कैंप में स्वयंसेवकों को जानकारी देते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

केएलपी कॉलेज के एनएसएस शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत सरस्वती वंदना, एनएसएस क्लैप और एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ की गई। विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय विकसित भारत रखा गया। स्वयंसेवकों ने आकर्षक रंगोलियां बनाकर अपनी कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, साइबर अपराध, भ्रष्टाचार, नशा मुक्ति और दहेज प्रथा जैसे सामाजिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी और समाज में जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबल ने साइबर क्राइम, डिजिटल स्कैम और साइबर सुरक्षा पर जानकारी दी। विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा साइबर अपराध की शिकायत के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया गया। महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू की गई ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के बारे में भी जानकारी दी। कॉलेज से प्रदीप अहलावत, डा. नरेश तथा डा. रामबीर जाखड़ ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया। पीएचसी गंगायचा अहीर से डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया तथा स्वयंसेवकों का ब्लड प्रेशर, हाइट और वेट भी जांचा गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान रिपुदमन गुप्ता, उप प्रधान संदीप खंडेलवाल, महासचिव अरविंद गुप्ता व कॉलेज प्राचार्य डा. कविता गुप्ता ने भी स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया।

### शांति व आत्म-अनुशासन के महत्व के बारे बताया

इस मौके पर ओम शांति से बीके कमल तथा बीके कमलेश ने कहा कि छात्र जीवन में मन को नियंत्रित रखना, तनाव से दूर रहना और सकारात्मक सोच अपनाना कितना आवश्यक है। युवाओं को मानसिक शांति और आत्म-अनुशासन के महत्व के बारे में बताया। कॉलेज प्रबंधन समिति की कोषाध्यक्ष उषा रुस्तगी ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित किया। सीए निधि गुप्ता ने विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता, साइबर अरेस्ट, साइबर फ्रॉड तथा ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



### अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का समाधान करने में सक्रियता बरतें विभागाध्यक्षः सीटीएम

रेवाड़ी। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को लंबित न रखते हुए शीघ्र कार्रवाई करें और समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट अपडेट करें। सीटीएम शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में विभागाध्यक्षों के साथ समाधान प्रकोष्ठ पर आई शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। सीटीएम ने कहा कि अधिकारी पुरानी सभी लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। उन्होंने कहा कि शिकायत पोर्टलों की प्रतिदिन निगरानी रखते हुए प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाए, इसके साथ ही शिकायत के समाधान उपरांत एटीआर अवश्य अपलोड करें। सीटीएम ने कहा कि समाधान शिविर के साथ ही जनसेवा के लिए सरकार के ऑनलाइन पोर्टल का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ऐसे में सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का समाधान करने में सक्रियता बरतें।



### पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल चुनाव को लेकर व्यवस्था करने के निर्देश

रेवाड़ी। पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के आगामी चुनाव को लेकर डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इससे पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा चुनाव आयोग ए श्रीनिवास ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को वीसी के माध्यम से चुनाव के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी मीणा ने बताया कि आगामी 18 मार्च को होने वाले पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल चुनाव के लिए जिले में 5 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें से 4 बूथ रेवाड़ी और एक बूथ कोसली में बनाया गया है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती कर दी है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर अधिकारी और कर्मचारी चुनाव आयोग हरियाणा की हिदायतों के अनुरूप जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी और सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार चुनाव अजय यादव और मास्टर ट्रेनिंग इंचार्ज डा. विजेंद्र सिंह मौजूद थे।



### कृषि कॉलेज के एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को आगजनी से निपटने के दिए टिप्स

बावल। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि कॉलेज बावल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आरंभ योग सत्र के साथ किया गया। प्रातःकालीन योग सत्र में स्वयंसेवकों को योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया। सहायक समन्वयक तुषार शर्मा ने स्वयंसेवकों को सामाजिक कुरीतियों एवं कानूनी प्रावधानों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, बाल तस्करी तथा पॉक्सो अधिनियम पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

महिला पुलिस थाना की कांस्टेबल मनीषा ने पुलिस विभाग की ओर से संचालित विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ट्रिप मॉनिटरिंग, इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल, 112 आपातकालीन सेवा तथा साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। दमकल विभाग के कर्मियों की ओर से स्वयंसेवकों को आग लगने की स्थिति से निपटने के लिए अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों तथा आग पर काबू पाने के विभिन्न तरीकों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।